FORM No. III

APP-A
Crim-I

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत ....उपखण्ड अधिकारी.... मुकाम ....कोटा....

....रामलाल.... बनाम ....सरकार....

किस्म मुकदमा ....136.... नं. ....2.... सन् ....2026....

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो किस हुक्म की तामील में जारी हुए
2/1/26	ग्राम सेवा शिविर 2025 के तहत आयोजित कैम्प स्थान ग्राम पंचायत अरल्याजागीर में प्रार्थी रामलाल की ओर से प्रार्थना पत्र राजस्थान भू0 राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत पेश कर निवेदन किया है कि ग्राम अरल्याजागीर पटवार हल्का अरल्याजागीर में स्थित भूमि खाता संख्या 215 में प्रार्थी का नाम रामदयाल पुत्र शंकर दर्ज है। जबकि आधार कार्ड में नाम रामलाल पुत्र शंकरलाल दर्ज है। अतः राजस्व रिकॉर्ड में प्रार्थी का नाम सही दर्ज किये जाने की कृपा करे। प्रार्थना पत्र के संबंध में तहसीलदार लाडपुरा से जॉच रिपोर्ट प्राप्त की गई। रिपोर्ट में तहसीलदार लाडपुरा द्वारा प्रार्थी का नाम रामदयाल पुत्र शंकर को राजस्व रिकार्ड में रामदयाल उर्फ रामलाल पुत्र शंकरलाल किये जाने की अनुशंषा की है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार कर ग्राम अरल्याजागीर की जमाबंदी खाता संख्या 215 में प्रार्थी का नाम रामदयाल पुत्र शंकर के स्थान पर रामदयाल उर्फ रामलाल पुत्र शंकरलाल दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। उक्त निर्णय आज दिनांक ....2/1/26.... को मेरे द्वारा लिखा जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफतर हो। (गजेन्द्र सिंह) उपखण्ड अधिकारी कोटा	